## 1 प्रार्थना

### आओ अभ्यास करें

**1. बताओ, क्या पढ़ा–**

**उत्तर–** i. कविता के अनुसार हम छात्र मूर्ख और अज्ञानी हैं।
ii. हमें सच का साथ नहीं छोड़ना चाहिए।
iii. हमारा धैर्य अटूट रहे।

**2. उत्तर लिखो–**

**उत्तर–** i. छात्र ईश्वर से वरदान माँग रहे हैं।
ii. छात्र सत्य का मार्ग नहीं छोड़ना चाहते।
iii. छात्र परमार्थ की कामना करना चाहते हैं।
iv. छात्र साहस का कूट बनना चाहते हैं।

**3. पंक्तियाँ पूरी करो–**

**उत्तर–** ठीक **बात ही सदा कहें हम**,
**कभी न अपनाएँ हम** झूठ।
सच **का साथ कभी न छोड़ें**,
**चाहे सब जग जाए** रूठ।।

*भाषा-बोध*

**1. विलोम शब्द लिखो–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मूढ़ | – | **विद्वान** | सच | – | **झूठ** |
| गुण | – | **दोष** | प्रेम | – | **क्रोध** |

**2. शब्दों को शुद्ध करके लिखो–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अनजन | – | **अज्ञान** | अम्र | – | **उम्र** |
| निधी | – | **निधि** | सच्च | – | **सच** |

**क्रियात्मक-कार्य**

- **चित्र देखकर शब्द पूरे करो–**



## 2 जैसे को तैसा

### आओ अभ्यास करें

1. **बताओ, क्या पढ़ा–**

**उत्तर–** i. गीदड़ और भैंस इकट्ठे रहते थे।

ii. इस कहानी से हमें शिक्षा मिलती है कि जो जैसा कर्म करता है, उसे वैसा ही फल मिलता है।

2. **उत्तर लिखो–**

**उत्तर–** i. गीदड़ और भैंस जंगल में रहते थे।

ii. एक दिन उन्होंने नदी पार खेत में तरबूज और खरबूज खाने का विचार किया।

iii. गीदड़ ने नदी भैंस की पीठ पर बैठ कर पार की।

iv. भैंस को किसान ने मारा।

3. **सही ( ✓ ) या गलत ( ✗ ) का निशान लगाओ–**

i. ✓ ii. ✗ iii. ✗ iv. ✓

4. **सही शब्दों की सहायता से रिक्त स्थान भरो–**

i. **मित्रता** ii. **तरबूज, खरबूज** iii. **खेत**

iv. **भैंस** v. **पीठ**

*भाषा-बोध*

1. **पर्यायवाची शब्द लिखो–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जंगल | — | **वन** | नदी | — | **सरिता** |
| पानी | — | **जल** | मित्र | — | **सखा** |
| फूल | — | **पुष्प** | घर | — | **भवन** |

2. **विलोम शब्द लिखो–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आज | — | **कल** | मित्रता | — | **दुश्मनी** |
| दिन | — | **रात** | ठीक | — | **गलत** |
| जल्दी | — | **धीरे** | मेरा | — | **तेरा** |

**क्रियात्मक-कार्य**

स्वयं करें।

## 3 संगत का असर

### आओ अभ्यास करें

*कहानी से*

1. **बताओ, क्या पढ़ा–**

**उत्तर–** i. तोते वाले के पास दो तोते थे।

ii. राजा ने हाथी रोका।

iii. राजा ने पहला पिंजरा अपने पलंग के पास रखवाया।

**2. उत्तर लिखो–**

**उत्तर–** i. तोते वाले ने एक तोते की कीमत पाँच सौ रुपये तथा दूसरे की पाँच पैसे रखी।

ii. तोते वाले ने शर्त रखी कि जो पाँच सौ रुपये वाला तोता लेगा उसे दूसरा भी लेना पड़ेगा।

iii. राजा ने कहा, ''इस दुष्ट तोते को मार डालो।''

iv. तोते ने राजा से प्रार्थना की, ''इसे मत मारिए, यह मेरा सगा भाई है।''

**3. किसने, किससे कहा?**

**उत्तर–** i. राजा ने तोते वाले से कहा।

ii. तोते वाले ने राजा से कहा।

iii. तोते ने राजा से कहा।

**4. अंतर बताओ–**

**उत्तर– पहला तोता–** i. पाँच सौ रुपये का था। ii. अच्छा बोलता था।

**दूसरा तोता–** i. पाँच पैसे का था। ii. गन्दा बोलता था।

**5. सही उत्तर चुनकर ( ✓ ) का चिह्न लगाओ–**

**उत्तर–** i. तोते ii. हाथी पर iii. भाई–भाई

**6. वाक्य सही करके लिखो–**

**उत्तर–** i. एक बार बाजार में एक तोते बेचने वाला आया।

ii. राजा ने तोते ले लिए।

iii. राजा ने तोते को मारा नहीं बल्कि उसे संत के पास भेज दिया।

**7. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो–**

**उत्तर–** i. मुझे पेड़ पर चढ़ना **मुश्किल** लगता है।

ii. गंदा पानी हमें **नुकसान** पहुँचाता है।

iii. वह पेट को **डाकघर** समझने लगा था।

iv. **सब्जियाँ** अधिक खानी चाहिए

*भाषा-बोध*

**1. 'में' या 'मैं' भरो–**

**उत्तर–** i. इस कमर **में** बहुत–सी चीजें हैं।

ii. **मैं** अपना काम समय पर करता हूँ।

iii. पानी **में** गंदगी नहीं फैलाते।

iv. **मैं** और मेरा भाई मेले में गए।

v. कम रोशनी **में** नहीं पढ़ना चाहिए।

**2. तीन-तीन शब्द लिखो–**

**उत्तर–** i. स्त — **स्तुति** **स्तवन** **स्तंभ**

ii. क्य — **क्यारी** **क्यूँ** **क्योंकि**

iii. म्म — **मम्मट** **चम्मच** **सिम्मी**

3. **अक्षरों को मिलाकर शब्द लिखो–**

**उत्तर–** i. बाजार ii. कीमत iii. तोता

**क्रियात्मक-कार्य**

- **कहानी से मिलने वाली शिक्षा को अपने शब्दों में लिखो।**

**उत्तर–** इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है कि हमें अच्छी संगत में रहना चाहिए।

- **तुम्हें कौन-सा तोता अच्छा लगा और क्यों? लिखा।**

**उत्तर–** हमें पहले वाला तोता अच्छा लगा क्योंकि वह अच्छा-अच्छा बोलता था।

# 4 अगर तुम मुझे खाओगे

## आओ अभ्यास करें

*कहानी से*

1. **बताओ, क्या पढ़ा–**

**उत्तर–** i. आलू छोटा-मोटा और गोल-मटोल था।
ii. खाऊँ बकरे का नाम था।
iii. खाऊँ ने साँप, मेढक, हाथी चींटा और शेर का नाम लिया।
iv. खाऊँ बकरा फटाफट भाग गया।

2. **उत्तर लिखो–**

**उत्तर–** i. खाऊँ एक बकरा था उसने आलू को पकड़ लिया था।
ii. बकरे द्वारा खाए जाने के डर से आलू चिल्लाया।
iii. आलू ने बकरा, साँप, मेढक, हाथी, चींटी और शेर जानवरों के आलू बनने की बात कही।
iv. खाऊँ बकरा आलू की यह बात सुनकर डर गया कि उसे खाने से खाऊँ भी आलू बन जाएगा।
v. अंत में खाऊँ बकरे ने यह सीखा कि समझदारी से अपने आप को बचाया जा सकता है।

3. **लिखो तो–**

**उत्तर–** i. आलू छोटा-मोटा, गोल-मटोल सब्जी था।
ii. आलू लुढ़कता-फुढ़कता-गुढ़कता अपने घर जा रहा था।
iii. आकाश में मेढक फुदक रहा था।
iv. खाऊँ बकरे की नाक आलू बन गई।

4. **खाऊँ ने इन्हें देखकर क्या-क्या कहा?**

**उत्तर–**



''हाय राम रे, ये मुझे क्या हुआ! नाक मेरी आलू बन गई, हवा में मैं कैसे उड़ रहा?''



''अरे, अरे! ये साँप को क्या हो गया?''



"अरे बाप रे! मेढक कैसे फुदक रहा है।"

**5. सही उत्तर पर ( ✓ ) का चिहन लगाओ–**

**उत्तर–** i. खाऊँ ii. आलू

**6. सोचो और लिखो–**

**उत्तर–** i. आम, अनार ii. मटर, गोभी

iii. मछली, मेढक iv. छिपकली, साँप

### *भाषा-बोध*

**1. बोल-बोलकर पढ़ो और लिखो–**

**उत्तर–** स्वयं कीजिए।

**2. समान अर्थ वाले शब्द लिखो–**


**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सवेरा | **सुबह** | आनंद | **प्रसन्नता** |
| दोस्त | **मित्र** | अनोखा | **अद्भुत** |
| प्रणाम | **नमन** | खूबसूरत | **सुंदर** |

**3. शब्द-रेल**

देखो और करो—

**उत्तर–**





### क्रियात्मक-कार्य

- **चित्र में दिए गए जीव-जंतुओं पर दो-दो वाक्य लिखो–**


**उत्तर–**



बकरी घास खाती है।
बकरी दूध देती है।



हाथी की लंबी सूँड होती है।
हाथी बहुत बड़ा जीव है।



साँप जहरीला होता है
साँप के पैर नहीं होते

- **हम क्यों रहें पीछे?**

**उत्तर–** हाथी, शेर, हिरन, लोमड़ी, साँप, बंदर, मेढक चींटी, भालू, बाघ, तेंदुआ आदि।

## आओ अभ्यास करें

*कहानी से*

**1. बताओ, क्या पढ़ा–**

**उत्तर–** i. शेर भूखा था।

ii. गीदड़ बहुत चालाक और सयाना था।

iii. शेर ने कहा—"आओ, आओ मेरे दोस्त, तुम्हारा स्वागत है।"

**2. उत्तर लिखो–**

**उत्तर–** i. गुफा में एक गीदड़ रहता था।

ii. शेर शिकार के इंतजार में झाड़ी में छिप गया।

iii. शेर ने सोचा—जैसे ही शिकार गुफा के अंदर आएगा, मैं उसे खा जाऊँगा, यही सोचकर शेर गुफा के अंदर छिप गया।

**3. रिक्त स्थान भरो–**

**उत्तर–** i. शेर ने सोचा कि गुफा में जरूर कोई **जानवर** रहता होगा।

ii. गीदड़ बहुत **चालाक** और **सयाना** था।

iii. गीदड़ ने जोर से गुफा को **आवाज** लगाई।

iv. शेर ने सोचा यदि गीदड़ का **स्वागत** नहीं किया तो वह चला जाएगा।

**4. सही उत्तर पर ( ✓ ) का चिह्न लगाओ–**

**उत्तर–** i. शेर ii. शिकार की iii. नहीं

*भाषा-बोध*

**1. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द–**

**उत्तर–** i. शिकारी ii. किसान

iii. अध्यापक iv. स्कूल

**2. पढ़-समझकर शब्दों को अलग करो–**

**उत्तर–** i. शिकार श् + इ + क् + आ + र् + अ

ii. गुफा **ग् + उ + फ् + आ**

iii. आवाज **आ + व् + आ + ज् + अ**

*क्रियात्मक-कार्य*

**क्या होता है–**


**उत्तर–** शेर गीदड़ को खा जाता।

**कौन कहाँ रहता है?**


**उत्तर–**  चूहा  बिल में रहता है।

 बिल्ली  **घर में रहती है।**

 कछुआ  **तालाब में रहता है।**

 मछली  **पानी में रहती है।**

 हाथी  **जंगल में रहता है।**

 चिड़िया  **घोंसले में रहती है।**

- **फैंसला करो**

  स्वयं कीजिए।

## 6 चूहा डर गया

# आओ अभ्यास करें

*कहानी से*

**1. बताओ, क्या पढ़ा–**

**उत्तर–** i. चूहे को एक पेंसिल मिली।

ii. पेंसिल को दर्द हो रहा था।

iii. चूहा बिल्ला से डर गया।

iv. चूहा अपने बिल में छुप गया।

**2. उत्तर लिखो–**

**उत्तर–** i. चूहा पेंसिल लेकर अपने बिल में चला गया।

ii. चूहे ने पेंसिल कुतरने की बात कही।

iii. पेंसिल ने बड़े गोले के अंदर तीन गोले बनाए।

iv. चूहे को सबसे पहला चित्र पनीर के टुकड़े जैसा लगा।

v. पेंसिल ने आखिर में गोले पर लंबी-लंबी मूँछे और एक मुँह वाला बिल्ला बनाया।

**3. किसने कहा?**

**उत्तर–** i. पेंसिल ने चूहे से कहा। ii. चूहे ने पेंसिल से कहा।

iii. चूहे ने पेंसिल से कहा। iv. पेंसिल ने चूहे से कहा।

**4. पहले क्या हुआ, फिर क्या हुआ?**

**उत्तर–** i. खाना ढूँढ़ते-ढूँढ़ते चूहे को एक पेंसिल मिली।

ii. चूहे ने पेंसिल को कुतरना शुरू कर दिया।

iii. पेंसिल को दर्द हो रहा था इसलिए उसने चूहे से एक आखिरी चित्र बनाने के लिए पूछा।

iv. पेंसिल ने सबसे पहले एक गोला बनाया।

v. चित्र बनाते-बनाते पेंसिल ने बिल्ले का चित्र बना दिया था।

vi. बिल्ले का चित्र देखकर चूहा अपने बिल में घुस गया।

**5. क्या होता अगर–**

**उत्तर–** i. तो चूहा पेंसिल को कुतर देता। ii. तो चूहे को खा जाती।

**6. सही उत्तर चुनकर ( ✓ ) का चिहन लगाओ–**

**उत्तर–** i. पेंसिल iii. टमाटर

**7. कहानी में आए वाक्यों पर ( ✓ ) या ( ✗ ) का चिह्न लगाओ–**

**उत्तर–** i. (✓) ii. (✓) iii. (✗) iv. (✗) v. (✓)

***भाषा-बोध***

**1. समान अर्थ वाले शब्दों के जोड़े बनाओ–**

**उत्तर–** माँ–माता, अध्यापक–गुरु, जग–संसार,
दीया–दीप, आँख–नेत्र, नमन–प्रणाम।

**2. शब्द को उसका उलटा अर्थ बताने वाले शब्द से मिलाओ–**

**उत्तर–**
- अच्छी → बुरी
- पेंसिल → पैन
- अंदर → बाहर
- ऊपर → नीचे
- असली → नकली

**3. शब्दों का खेल खेलें ( अंत्याक्षरी )**
**इसकी शुरूआत हम करेंगे और समाप्त आप करेंगे–**

**उत्तर–** पेंसिल → लेकर → चूहा → चहका
बिल्ला → **बोला** → बिल → **बड़ा**

***क्रियात्मक-कार्य***

**सुझाव क्रियाकलाप–**

**उत्तर–** स्वयं कीजिए।

**पेंसिल ने सुनाई आपबीती–**

**उत्तर–** स्वयं कीजिए।

**पता लगाओ–**

**उत्तर–**
- तो बिल्ली कुत्ते को देखकर भागती है।
- स्वयं कीजिए।

## 7  तितली रानी

## आओ अभ्यास करें

***कविता से***

**1. बताओ क्या पढ़ा–**

**उत्तर–** i. तितली प्यारी और सयानी है।
ii. तितली गुनगुन–गुनगुन गाती है। iii. तितली हर्षाती है।

**2. एक या दो शब्दों में उत्तर लिखो–**

**उत्तर–** i. फूल–फूल ii. रंग–बिरंगे
iii. कली–कली पर iv. मीठा–मीठा रस

**3. पंक्तियाँ पूरी करो–**

**उत्तर–** रंग-बिरंगे **पंख सजीले**
**लाल, गुलाबी, नीले,** पीले।
कली-कली **पर मँडराती हो**
**मीठा-मीठा रस पीकर उड़** जाती हो।

### *भाषा-बोध*

**1. एक-अनेक–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| i. | लड़की | **लड़कियाँ** | ii. | मक्खी | **मक्खियाँ** |
| iii. | तितली | **तितलियाँ** | iv. | कली | **कलियाँ** |
| v. | बिल्ली | **बिल्लियाँ** | vi. | मछली | **मछलियाँ** |

**2. तुकांत शब्द लिखो–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| i. | रानी | **नानी** | ii. | सजीले | **रंगीले** |
| iii. | जाती | **आती** | iv. | दिखाती | **छुपाती** |

### क्रियात्मक-कार्य

**सूची बनाओ**

**उत्तर–** स्वयं कीजिए।

## 8 ब्राह्मण का सपना

### आओ अभ्यास करें

### *कहानी से*

**1. बताओ, क्या पढ़ा–**

**उत्तर–**
i. ब्राह्मण को भिक्षा में एक पात्र भरकर आटा मिला।
ii. ब्राह्मण ने सपने में देखा कि देश में अकाल पड़ गया है और उसने वह आटा अधिक दामों में बेच दिया है।
iii. ब्राह्मण आटे से नहा गया।

**2. उत्तर लिखो–**

**उत्तर–**
i. ब्राह्मण अपना गुजारा भिक्षा माँगकर करता था।
ii. ब्राह्मण ने सपने में आटा बेचकर एक जोड़ी बकरियाँ खरीदी।
iii. ब्राह्मण ने भिक्षा पात्र पास की दीवार पर रखा था।

**3. रिक्त स्थान भरो–**

**उत्तर–**
i. वह भिक्षा माँगकर अपना **गुजारा** करता था।
ii. उसने देखा कि देश में **अकाल** पड़ गया है।
iii. मैं **दो** गाय खरीदूँगा।
iv. ब्राह्मण सिर से **पैर** तक आटे से नहा गया।

**4. सही और गलत लिखो–**

**उत्तर–** i. (✓)  ii. (✗)  iii. (✗)

*भाषा-बोध*

**1. विलोम शब्द लिखो–**

**उत्तर–** i. खुश **उदास**  ii. अमीर **गरीब**
iii. मीठा **खट्टा**  iv. अच्छा **बुरा**
v. सुंदर **बदसूरत**  vi. खरीदना **बेचना**

**2. वाक्य-प्रयोग करो–**

**उत्तर–** i. तंदुरुस्त—बालक बहुत **तंदुरुस्त** था।
ii. भिक्षा—ब्राहमण **भिक्षा** माँगकर गुजारा करता था।
iii. गाय—**गाय** दूध देती है।
iv. दुकान—ब्राहमण ने **दुकान** खोलने का सपना देखा।

**क्रियात्मक-कार्य**

**सुझाव क्रियाकलाप–**

**उत्तर–** स्वयं कीजिए।

# 9 ऊँट-रेगिस्तान का जहाज

## आओ अभ्यास करें

*कविता से*

**1. बताओ, क्या पढ़ा–**

**उत्तर–** i. ऊँट की पीठ ऊँची है।  ii. ऊँट की गर्दन लंबी है।
iii. ऊँट रेगिस्तान में रहता है।  iv. ऊँट रेगिस्तान का जहाज है।

**2. कितना?**

**उत्तर–** i. हाथी जितना  ii. तुम्हारी माँ के संदूक जितना
iii. चीनी के दाने जितनी

**3. कुछ ऊँचा कुछ नीचा–**

**उत्तर–** i.
- तुम्हारी कक्षा की छत
- बिजली का खंभा
- हाथी

ii. कुत्ता, बिल्ली, चूहा, खरगोश छोटे बच्चे आदि।
iii. सीढ़ी, स्टूल, कुर्सी, मेज, पंलग

**4. बताओ, ये सब क्या उठाकर चलेंगे–**

**उत्तर–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| i. | हाथी | **गन्ना** | **शिला** | **पेड़** |
| ii. | टीचर जी | **किताब** | **छड़ी** | **चॉक** |
| iii. | पिता जी | **अखबार** | **चाय का कप** | **ऑफिस बैग** |
| iv. | शेर | **शिकार** | | |
| v. | दादा जी | **चश्मा** | **छड़ी** | **अखबार** |

5. **नीचे कुद शब्द लिखे हैं, इन्हें बोलकर देखो–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **उत्तर–** | **ऊँट** | **भालू** | **फँस** | **चला** | **जब** |
| | जूट | आलू | धँस | भला | तब |
| | सूट | चालू | हँस | गला | कब |


***भाषा-बोध***

1. **अलग-अलग घर**

**उत्तर–** छात्र स्वयं करें।

2. **शब्दों की अंत्याक्षरी पूरी करो–**

**उत्तर–** ऊँचा → ऊँची → लंबे → लंबी



**क्रियात्मक कार्य**

**उत्तर–** छात्र स्वयं करें।

## 10 चतुर तेनाली

## आओ अभ्यास करें

***कहानी से***

1. **बताओ, क्या पढ़ा–**

**उत्तर–** i. यात्री का नाम नीलकेतु था।
ii. राजा ने नीलकेतु का स्वागत किया।
iii. राजा घोड़े पर बैठकर गए।

2. **उत्तर दो–**

**उत्तर–** i. राजा कृष्णदेव से मिलने नीलकेतु नाम का यात्री आया।
ii. यात्री नीलदेश का नीलकेतु था, और वह विश्व भ्रमण पर निकला था।
iii. यात्री की बात मानकर राजा रात्रि में तालाब के पास गए।
iv. तेनालीराम ने राजा को बताया कि ''यह नीलकेतु एक रक्षामंत्री है और यह आपको मारना चाहता है।''

3. **अच्छे राजा, बुरा नीलकेतु–**

**उत्तर–** i. राजा ने उसका स्वागत करते हुए उसे शाही अतिथि घोषित किया।
ii. नीलकेतु ने राजा से झूठ बोला जिससे वह राजा को अपने जाल में फँसाकर मार सके।

4. **रिक्त स्थान भरो–**

**उत्तर–** i. राजा ने नीलकेतु को मिलने की **अनुमति** दे दी।
ii. यात्री एकदम **दुबला-पतला** था।
iii. राजा ने तेनालीराम को अपनी **रक्षा** के लिए धन्यवाद दिया।
iv. तेनालीराम की **समझदारी** पर राजा कृष्णदेव बहुत खुश हुए।

5. **सही उत्तर पर ( ✓ ) का चिह्न लगाओ–**

**उत्तर–** i. नहीं थीं ii. नीलकेतु को iii. पहरेदारों ने

*भाषा-बोध*

**1. निम्नलिखित गद्यांश में क्रिया शब्दों पर गोला (◯) लगाओ–**

**उत्तर–** एक दिन प्रिया अपने मित्रों के साथ स्कूल **जा रही थी**। रेलवे फाटक पर हरी बत्ती **जल रही थी**। प्रिया ने प्रतीक से इसका कारण **पूछा**। उसने **बताया**—जब रेलगाड़ी के **आने** का समय **होता है**, तब ड्राइवर हरी बत्ती **देखकर** बिना रुके **निकल जाता है**।

**2. एक-अनेक–**

**उत्तर–** i. पेड़ **पेड़ों** ii. चूहा **चूहे**
iii. लकड़ी **लकड़ियाँ** iv. मित्र **मित्रों**

**3. लिंग बदलो–**

**उत्तर–** i. माँ **बाप** ii. कौआ **कोयल**
iii. भैया **भाभी** iv. हाथी **हथिनी**

**क्रियात्मक कार्य**

**सुझाव क्रियाकलाप–**

- सप्ताह के सात दिनों के नाम लिखो—

**उत्तर–** सोमवार, मंगलवार, बुधवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार, शनिवार, रविवार।

## 11 पेड़

## आओ अभ्यास करें

*कविता से*

1. **बताओ, क्या पढ़ा–**

**उत्तर–** i. पेड़ पत्ती, फूलों और आमों से लदा हुआ निराला है।
ii. पेड़ को प्यार से कवि ने पाला।
iii. बाग में चंचल बच्चे खेल रहे हैं।
iv. माली चल भग चल कहता है।

**2. पंक्तियाँ पूरी करो–**

**उत्तर–** i. आमों से ये **लदा हुआ है**, **तुम भी आ** के खाओ लाला।
ii. देखो बाग में **कैसी हलचल**, खेल रहे हैं **बच्चे चंचल**।
iii. **तोड़-तोड़** के खाते फल, माली कहता **चल भग चल**।

**3. वाक्य बनाओ–**

**उत्तर–** i. निराला—आम का पेड़ बहुत **निराला** है।
ii. पाला—हमें हमारे माता-पिता ने बहुत प्यार से **पाला** है।
iii. हलचल—माली के आते ही बगीचे में **हलचल** होने लगी है।
iv. चंचल—छोटे बच्चे **चंचल** होते हैं।

*भाषा-बोध*

**1. पूरा करो–**

**उत्तर–** निराला, वा**ला**, पा**ला**, ला**ला**
हल**चल**, चं**चल**, **फल**, **चल**

**2. समानार्थक शब्द लिखो–**

**उत्तर–** i. पेड़ **वृक्ष** ii. फूल **पुष्प** iii. प्यार **स्नेह**
iv. बाग **बगिया** v. बच्चा **शिशु** vi. खेल **क्रीडा**

**क्रियात्मक-कार्य**

**पेड़ों के उपयोग–**

- **पेड़ हमारे लिए बहुत उपयोगी हैं, क्यों?**

**उत्तर–** पेड़ हमें जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन देते हैं। पेड़ से हमें छाया, लकड़ी, फूल तथा फल आदि प्राप्त होते हैं।

- **पेड़ों से मिलने वाली मुख्य वस्तुओं की सूची बनाओ।**

**उत्तर–** पेड़ों से हमें छाया मिलती है। पेड़ से हमें विभिन्न प्रकार के फल, ईधन, फर्नीचर बनाने के लिए लकड़ियाँ, रंग-बिरंगे फूल, मसाले, फल इत्यादि मिलते हैं।

# 12 नदीपुर की कहानी

## आओ अभ्यास करें

*कहानी से*

**1. बताओ, क्या पढ़ा–**

**उत्तर–** i. नदीपुर के राजा के राज्य में पानी नहीं था।
ii. लोगों ने कचरा नदी में डाला।
iii. पेड़ को बचाओ और नदी को दूषित मत करो।

**2. उत्तर लिखो–**

**उत्तर–** i. नदी की मछलियों ने कहा कि उन्हें गंदा पानी नहीं चाहिए और वे उस नदी को छोड़कर जा रही हैं।
ii. नदी का पानी गंदा हो जाने के कारण नगरवासी नगर को छोड़कर जा रहे थे।
iii. मंत्री ने नदी का पानी साफ रखने के लिए यह उपाय बताया कि लोगों को पानी में कचरा नहीं डालना चाहिए।
iv. लोगों के घर बनवाने के लिए और जलाऊ लकड़ी के लिए पेड़ काट दिए गए थे।

**3. बताओ, ऐसा क्यों हुआ–**

**उत्तर–** i. क्योंकि नगरवासियों ने नदी में कचरा डाला था, और सफाई नहीं की थी।
ii. क्योंकि नगरवासियों ने घर बनवाने के लिए और ईंधन की लकड़ी के लिए सभी पेड़ काट डाले थे।

**4. सही उत्तर पर ( ✓ ) का चिहन लगाओ–**

**उत्तर–** i. नदीपुर ii. पानी iii. क्योंकि पेड़ काट दिए गए थे।

*भाषा-बोध*

**1. समझकर लिखो–**

**उत्तर–** i. महाराज **महाराज** ii. माता **माता** iii. सखी **सखी**

iv. हाथी **हाथी** v. बहन **बहन** vi. मुर्गी **मुर्गी**

2. **विलोम शब्द लिखो–**

**उत्तर–** i. हाँ **ना** ii. सफाई **गंदगी**

iii. भरी **खाली** iv. पास **दूर**

v. सुंदर **बदसूरत** vi. बनाना **बिगाड़ना**

**क्रियात्मक-कार्य**

**अब अपनी कहो–**

**उत्तर–** स्वयं कीजिए।

## 13 बचत का महत्व

## आओ अभ्यास करें

***कहानी से***

1. **बताओ, क्या पढ़ा–**

**उत्तर–** i. किसान ने चिंता का कारण अपनी बहू को बताया।

ii. बहू अनाज कोठरी से निकालती थी।

iii. बहू रोज एक-दो मुटठी अनाज वापस डालती थी।

2. **उत्तर लिखो–**

**उत्तर–** i. किसान फसल कम होने की वजह से चिंतित था।

ii. किसान के घर में ग्यारह महीने का राशन था।

iii. बारहवें महीने के लिए अनाज रोज बचत करने से आया।

3. **रिक्त स्थान भरो–**

**उत्तर–** i. किसान, फसल **कम** होने की वजह से चिंतित था।

ii. यह चिंता उसे बार-बार **सता** रही थी।

iii. जब पूरा **वर्ष** आराम से निकल गया।

iv. उसी की वजह से **बारह** महीने का इंतजाम हो गया।

4. **सही उत्तर पर ( ✓ ) का चिह्न लगाओ–**

**उत्तर–** i. ग्यारह ii. बहू ने iii. एक-दो

***भाषा-बोध***

1. **विलोम शब्द लिखो–**

**उत्तर–** i. कम **ज्यादा** ii. अपना **पराया**

iii. आज **कल** iv. जीवन **मृत्यु**

2. **पढ़ो और लिखो–**

**उत्तर– स्वयं कीजिए**

3. **दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो–**

**उत्तर–** i. पिता **जनक** **बाप** ii. आज **वर्तमान** **दिन**

iii. बेटा **पुत्र** **सुत** iv. किसान **कृषक** **हलधर**

**क्रियात्मक-कार्य**

**सुझाव क्रियाकलाप–**

**उत्तर–** • बिजली बचाने के लिए जितनी आवश्यकता हो उतनी ही बिजली जलाएँगे तथा काम खत्म होने के बाद उसको भी बन्द करेंगे।

• छात्र स्वयं करें।

# 14 बड़ा हाथी, नन्हा कछुआ

## आओ अभ्यास करें

*कहानी से*

**1. बताओ, क्या पढ़ा–**

**उत्तर–** i. हाथी की पीठ पर कछुआ बैठा हुआ था।

ii. हाथी नहाने के लिए पानी में गया।

iii. हाथी को रास्ते में तितली मिली।

iv. हाथी ने कछुए को झुकी हुई आम की डाल पर बिठाया।

**2. उत्तर लिखो–**

**उत्तर–** i. तब कछुआ हाथी की पीठ पर बैठ गया।

ii. हाथी ने गुस्से में आकर कछुए को आम की झुकी हुई डाली पर बिठा दिया।

iii. कछुए ने हाथी को बताया कि वह भूल से चढ़ गया था उसने सोचा कि उसकी पीठ कोई मोटी चट्टान है।

iv. कछुए ने नदी किनारे वाले आम के पेड़ के बारे में हाथी को यह बताया कि आम के पेड़ की लंबी टेढ़ी डाली नदी में झुकी हुई है डाली इतनी मोटी है जिसे देखकर ही डर लगता है।

v. कछुए ने अपनी सूझ–बूझ तथा समझदारी से अपनी जान बचाई।

**3. किसने क्या कहा?**

**उत्तर–** i. तब तितली ने कहा—"हाथी दादा, इस शरारती कछुए को कहाँ लिए जा रहे हो?"

ii. तब कछुए ने कहा—"हाथी दादा, मैं तो भूल से तुम्हारी पीठ पर चढ़ गया था। सोचा कोई ऊँची चट्टान है।"

**4. रिक्त स्थान भरो–**

**उत्तर–** i. कछुआ छोटा और **नटखट** था।

ii. हाथी **कछुए** को बैठाकर चल पड़ा।

iii. कछुआ हाथी की पीठ पर **अकड़कर** बैठा था।

iv. कछुए ने हाथी की पीठ को एक ऊँची **चट्टान** समझा।

v. कछुए ने **हिम्मत** नहीं हारी।

**5. कहानी में आए वाक्यों पर ( ✓ ) या ( ✗ ) का चिह्न लगाओ–**

**उत्तर–** i. (✗)   ii. (✗)   iii. (✓)   iv. (✗)

**6. पंक्तियाँ पूरी करो–**

**उत्तर–** i. बरगद की डाल पर खूब **झूला झूँलूगा।**   ii. कोयल से **गाना सुनूँगा।**

iii. कबूतर से **कहानी सुनूँगा।**   iv. कौए से खूब **बातें करूँगा।**

*भाषा-बोध*

**1. एक अनेक–**

उत्तर– i. कछुआ **कछुए** ii. कबूतर **कबूतरों**
iii. हाथी **हाथियों** iv. कौआ **कौए**
v. तितली **तितलियाँ** vi. कोयल **कोयलें**

**2. समझो और करो–**

उत्तर– i. विश्वप्रसिद्ध ii. आकर्षण iii. धनहीन
iv. भारत रत्न v. बहुज्ञ

**क्रियात्मक-कार्य**

**सुझाव क्रियाकलाप–**

उत्तर–
- स्वयं कीजिए।
- आम के पेड़ से हमें मीठे तथा खटटे आम मिलते हैं इसकी लकड़ियाँ ईंधन के रूप में जलाने के काम आती हैं।
- स्वयं कीजिए।

## 15 एक बुढ़िया ने बोया दाना

## आओ अभ्यास करें

*कविता से*

**1. बताओ, क्या पढ़ा–**

उत्तर– i. गाजर हाथों-हाथ बढ़ी। ii. काम नहीं बना।
iii. गाजर तोड़कर गरम-गरम हलवा बनाया।

**2. उत्तर लिखो–**

उत्तर– i. बुढ़िया ने गाजर का बीज बोया।
ii. बुढ़िया ने अपने बेटे और पोते को बुलाया।
iii. अंत में बुढ़िया, उसके बेटे और पोते ने हलवा बनाया।

**3. पहले क्या कहा, फिर क्या?**

उत्तर– i. बुढ़िया ने गाया-नहीं बना रे नहीं बना, काम हमारा नहीं बना, और बुलाओ एक जना।
ii. काम बनने के बाद तीनों ने गाया-बन गया रे, बन गया, काम हमारा बन गया।

*भाषा-बोध*

**1. उल्टे अर्थ वाले शब्दों के जोड़े बनाओ–**

उत्तर– पक्का-कच्चा सख्त-नरम
खटटा-मीठा आधी-पूरी

**2. ये क्या हैं?**

उत्तर– i. चाकू, आरी, हथौड़ा, खुरपा — **ये औजार हैं।**
ii. गाजर, अनार, मूली, गोभी, सेब, भिंडी — **ये** फल और **सब्जियाँ हैं।**
iii. हाथी, चिड़िया, शेर, बिल्ली, कोयल — **ये जानवर हैं।**

**क्रियात्मक-कार्य**

**उत्तर–** स्वयं कीजिए।

# 16 जादुई छड़ी

## आओ अभ्यास करें

### *कहानी से*

**1. बताओ, क्या पढ़ा–**

**उत्तर–** i. गुल्लू अपने घर में आराम कर रहा था।
ii. बुढ़िया ने गुल्लू को एक छड़ी दी।
iii. गुल्लू ने किताब, रबड़, पेंसिलें और अपनी माँ को गायब कर दिया।
iv. गुल्लू ने बुढ़िया को जादुई छड़ी वापिस कर दी।

**2. उत्तर लिखो–**

**उत्तर–** i. गुल्लू को बुढ़िया ने छड़ी दी।
ii. कुर्सी की जगह गुल्लू की माँ गायब हो गई थी।
iii. बुढ़िया ने गुल्लू के सामने माँ को लौटाने की यह शर्त रखी कि वह इसके लिए (माँ के लिए) बुढ़िया की जादुई छड़ी वापस कर देगा।

**3. क्या होता अगर–**

**उत्तर–** i. बुढ़िया गुल्लू को जादुई छड़ी न देती तो किताब, रबड़, पेंसिलें और गुल्लू की माँ गायब नहीं होती।
ii. कक्षा में टीचर को गुल्लू की करामात का पता चल जाता तो गुल्लू की पिटाई होती।
iii. बुढ़िया को जादुई मंत्र न आता तो गुल्लू को अपनी माँ वापस नहीं मिलती।

**4. क्या, क्या हुआ?**

**उत्तर–** i. गुल्लू घबराकर उठ गया।
ii. तब उसने किताब, पेंसिल, रबड़ को गायब किया।
iii. तब गुल्लू घबरा गया और रोने लगा।
iv. तब तक बुढ़िया बहुत दूर बादलों में जा चुकी थी।

**5. वाक्य बनाओ–**

**उत्तर–** i. खिड़की—माँ ने पुत्र से कहा बाहर की **खिड़की** खोल दो।
ii. किताब—**किताब** हमारी अच्छी मित्र होती है।
iii. रबड़ और पेंसिलें—रामा के पास **2 रबड़ और 3 पेंसिलें** हैं।
iv. शरारत—हमें ज्यादा **शरारत** नहीं करनी चाहिए।
v. छड़ी—बुढ़िया ने अपनी **छड़ी** वापस ले ली।

### *भाषा-बोध*

**1. सही जगह पर 'उ' की मात्रा लगाकर शब्द पूरे कर दोबारा लिखो–**

**उत्तर–** बुढ़िया जादुई गुल्लू कुर्सी

**2. विलोम शब्द लिखो–**

**उत्तर–**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| i. | आना | **जाना** | ii. | पाना | **खोना** | iii. | पास | **दूर** |
| iv. | नीचे | **ऊपर** | v. | उतरना | **चढ़ना** | vi. | रोना | **हँसना** |

**क्रियात्मक-कार्य**

**उत्तर–** स्वयं कीजिए।

## 17 गुब्बारेवाला

## आओ अभ्यास करें

***कहानी से***

**1. बताओ, क्या पढ़ा–**

**उत्तर–** i. गुब्बारे वाले के पास लाल, पीले, हरे, नीले, सफेद और काले रंग के गुब्बारे थे।

ii. गुब्बारे वाले ने सबसे पहले एक सफेद गुब्बारा उड़ाया।

iii. गुब्बारे हवा में उड़कर आकाश में चले जाते थे।

**2. उत्तर लिखो–**

**उत्तर–** i. जब भी बिक्री कम होती तभी गुब्बारे वाला एक गुब्बारा हवा में उड़ा देता था।

ii. लड़के ने पूछा, अगर आप ये काले वाला गुब्बारा छोड़ेंगे तो क्या वो भी ऊपर जाएगा।

iii. गुब्बारे वाला गुब्बारे बेचने गाँव के आस-पास लगने वाली हाटों में जाता था।

iv. इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है कि हमें दूसरों के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए तथा साफ मन रखना चाहिए।

**3. किसने, किससे कहा?**

**उत्तर–** i. छोटे बच्चे ने गुब्बारे वाले से।

ii. गुब्बारे वाले ने छोटे बच्चे से।

**4. रिक्त स्थान भरो–**

**उत्तर–** i. गुब्बारे वाला गाँव के पास लगने वाली **हाटों** में जाता और गुब्बारे बेचता।

ii. अगर आप ये **काले** वाला गुब्बारा छोड़ेंगे तो क्या वो भी **ऊपर** जाएगा।

**5. सही उत्तर पर ( ✓ ) का चिह्न लगाओ–**

**उत्तर–** i. सभी रंगों के ii. काला iii. गुब्बारे

***भाषा-बोध***

**1. पढ़ो, समझो और लिखो–**

**उत्तर–** आस और पास रंग और रूप

**2. एक-अनेक–**

**उत्तर–** i. गुब्बारा **गुब्बारे** ii. रंग **रंगों**

iii. बच्चा **बच्चे** iv. काला **काले**

**3. वाक्य बनाओ–**

**उत्तर–** i. गुब्बारे—**गुब्बारे** वाले के पास सभी रंगों के गुब्बारे थे।

ii. जिज्ञासा—बच्चा बड़ी **जिज्ञासा** से गुब्बारे वाले को देख रहा था।

iii. अचरज—गुब्बारे वाला **अचरज** में पड़ गया।

**क्रियात्मक-कार्य**

**सुझाव क्रियाकलाप–**

**उत्तर–** स्वयं कीजिए।